दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 105 मुरादाबाद 09 August 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा में किया मेट्रो का डिजिटल अनावरण, पहली मेट्रो का रंग होगा पीला



आगरा- उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ताजनगरी को एक और सौगात देते हुए अभी थोड़ी देर पहले आगरा मेट्रो रेल का डिजिटल अनावरण किया। फर्स्ट लुक में आगरा में पहले कोरिडोर में चलने वाली मेट्रो रेल का रंग पीला होगा। सिकंदरा से ताज पूर्वी गेट कॉरिडोर पर चलेगी पीले रंग की मेट्रो रेल। करीब साढ़े 12 बजे सीएम आगरा के खेरिया एयरपोर्ट पर आए। सबसे पहले उन्होंने आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत निकाली जा रही जागरुकता रैली को रवाना किया। मेट्रो के डिजिटल अनावरण के बाद सीएम फतेहाबाद रोड स्थित एसएनजे गोल्ड बैंक्विट हॉल में चल रहे भाजयुमो के प्रशिक्षण वर्ग में जाएंगे। आगरा मेट्रो ट्रेन के डिजिटल लुक अनावरण के मौके पर पौधारोपण करते सीएम योगी आदित्यनाथ। सोमवार को आगरा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेट्रो ट्रेन परियोजना का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट की प्रगति और गुणवत्ता को भी परखा। मेट्रो के डिजिटल लुक का अनावरण करने के साथ ही सीएम ने यहां पौधारोपण भी किया।मेट्रो ट्रेन के डिजिटल लुक का अनावरण कमिश्नरी स्थित डिपो परिसर में हुआ। सिकंदरा से ताज पूर्वी गेट कॉरिडोर पर पहली मेट्रो पीले रंग की चलेगी। ध्वनि एवं प्रदूषण रहित आधुनिक तकनीक से लैस होगी मेट्रो ट्रेन। आगरा 28 मेट्रो ट्रेन चलेंगी।आगरा पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ। बता दें कि मेसर्स एल्सटाम इंडिया द्वारा गुजरात के सावली में आगरा मेट्रो ट्रेनों का निर्माण कर रही है। यात्री सेवा के लिए तीन कोच वाली 28 ट्रेनें तैयार की जा रही हैं। यह मेट्रो ट्रेन रीजेनरेटिव प्रणाली सहित अन्य आधुनिक प्रणालियों से लैस होंगी। न रहे दो मेट्रो कॉरीडोर 8379.62 करोड़ रुपयों की लागत से 29.4 किमी लंबे दो मेट्रो कारीडोर बनाए जाने हैं। इसमें से ताज पूर्वी गेट से सिकंदरा के बीच बन रहे पहले कारीडोर का काम तेजी से चल रहा है। इसके उपरिगामी सेक्शन का 80 प्रतिशत काम हो चुका है। डिपो का भी लगभग 60 प्रतिशत काम हो गया है। तीन भूमिगत स्टेशन की डीवाल काम चल रहा है। पहले कारीडोर पर 13 स्टेशन हैं। इसमें से छह एलिवेटिड और सात भूमिगत स्टेशन हैं।




## यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान कानपुर कोर्ट में पेश, एक साल की सजा, जमानत भी मिली



शस्त्र अधिनियम के 31 साल पुराने मामले में सोमवार को एमएसएमई मंत्री राकेश सचान कोर्ट में भारी भरकम वकीलों की फौज के साथ हाजिर हुए। लॉयर्स एसोसिएशन के महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह के मुताबिक एसीएमएम तृतीय कोर्ट ने मंत्री राकेश सचान को एक साल की सजा सुनाई। साथ ही 1500 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। राकेश सचान के वकीलों ने जमानत अर्जी दाखिल की। 20-20 हजार रुपये के बेल बांड मांगे गए हैं। बेल बांड जमा करने से माना जा रहा है कि कुछ देर में उन्हें जमानत दे दी जाएगी। इससे पूर्व मंत्री राकेश सचान सोमवार को कोर्ट परिसर पहुंचे और हाजिरी से पहले उन्होंने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के चैंबर में जमाया डेरा। इस दौरान मीडिया से रूबरू मंत्री ने कहा, न मैं वांछित हूं, न कोर्ट ने तलब किया है। मुकदमे में तारीख लेने आया हूं।वहीं उनके वकील ने कहा-अफवाहें फैलाने वालों पर कानूनी कार्रवाई करेंगे। वकीलों का एक दल एसीएमएम तृतीय की कोर्ट में पहुंचा, अंदर जज से बात कर रहे हैं वकील। कोर्ट परिसर में भारी भीड़, पुलिस तैनात, हूटर बजाते हुए पहुंचा था मंत्री का काफिला। एसीएमएम तृतीय कोर्ट से फैसला उठा ले जाने के आरोपों में घिरे मंत्री राकेश सचान के एडवोकेट कपिलदीप सचान ने बताया कि शनिवार को सुनवायी के दौरान स्वास्थ्य खराब होने के कारण राकेश हाजिरी माफी का प्रार्थनापत्र देकर चले गए थे। इसके बाद मीडिया में कई तरह की भ्रामक खबरें चलने लगीं। इसे देखते हुए सोमवार को उनके मुवक्किल कोर्ट में हाजिर होकर अपना पक्ष रखेंगे। फैसला आने पर उसके मुताबिक आगे की प्रक्रिया शुरू करेंगे। शनिवार को एसीएमएम तृतीय न्यायालय ने मंत्री राकेश सचान पर शस्त्र अधिनियम के 31 साल पुराने मामले में बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। इसमें अभियोजन अधिकारी रिचा गुप्ता ने कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित करते हुए कार्रवाई आगे बढ़ाई। इस बीच ही मंत्री कोर्ट से चले गए थे। देर शाम तक मंत्री कोर्ट नहीं पहुंचे तो कोर्ट ने कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की। कोर्ट लिपिक कामिनी ने कोतवाली थाने में मंत्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दी है। पुलिस इस तहरीर पर जांच कर रही है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि तहरीर पर जांच की जा रही है।

## श्रृंगार गौरी के लिए निकले विश्व हिंदू सेना के अध्यक्ष हिरासत में, नेताजी की प्रपौत्री को प्रयागराज में रोका गया



सावन के चौथे और अंतिम सोमवार पर एक बार फिर ज्ञानवापी मस्जिद-श्रृंगार गौरी विवाद सामने आ गया। सोमवार को अस्सी घाट से विश्व हिंदू सेना के अध्यक्ष अरुण पाठक कार्यकर्ताओं के साथ निकले थे। वाराणसी पुलिस ने उन्हें 4 कार्यकर्ताओं के साथ हिरासत में ले लिया। इस कार्यक्रम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रपौत्री राजश्री चौधरी को भी आमंत्रित किया गया था जिन्हें दिल्ली से वाराणसी आते समय बीच रास्ते प्रयागराज में उतार लिया गया। उन्हें प्रयागराज पुलिस गेस्ट हाउस में रखा गया है। बता दें कि अरुण पाठक की ओर से पहले से ही घोषणा की गई थी। इसके तहत पहले से ही फोर्स तैनात थी। अरुण पाठक के अस्सी पहुंचकर गंगा में आचमन के दौरान ही पुलिस ने हिरासत में ले लिया। विश्व हिंदू सेना के अध्यक्ष अरुण पाठक ने घोषणा की थी कि वे सावन के आखिरी सोमवार को श्रृंगार गौरी के दर्शन के लिए अस्सी से कार्यकर्ताओं के साथ निकलेंगे।

### अरुण पाठक विश्वास करने योग्य नहीं = महामंडलेश्वर हेमांगी सखी

किन्नरों की महामंडलेश्वर हेमांगी सखी ने विश्व हिंदू सेना पर जमकर निशाना साधा है। उनके अनुसार अरुण पाठक की ओर से सावन के पहले सोमवार को अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया। अध्यक्षता करने और सहयोग करने की बात कही गई। हालांकि यह नहीं बताया गया कि उसने इस कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी है। वाराणसी आने के बाद उनको यह जानकारी मिली।बताया कि अरुण पाठक ने उनके किसी परिचित से संपर्क कर आमंत्रित किया था। महामंडलेश्वर हेमांगी सखी ने वाराणसी के एक होटल से अपना बयान जारी किया है। कहा है कि अरुण पाठक विश्वास करने योग्य नहीं है।

# खुली ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाया दम



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- डिलारी में जिला युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में विकास खंड स्तरीय खुली ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से आयोजित जिला योजना के तहत खंड स्तरीय ग्रामीण खुली बालक बालिका खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज डिलारी विकासखंड डिलारी में किया गया प्रतियोगिता का शुभारंभ खण्ड विकास अधिकारी राजेश अग्रवाल ने फीता काटकर किया।कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अभिनव कुमार ने किया। खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी राजेश अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि युवावस्था में खेल के प्रति लगाव होना चाहिए। खेल हमारे शरीर को स्वस्थ रखते है। खेलने से हमें अनुशासन की सीख मिलती है। ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन के पीछे सरकार की मंशा ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की है। उन्होंने ग्रामीण बालिकाओं से भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने को कहा। प्रतियोगिता के बालिका वर्ग की चार सौ मीटर दौड़ में शिफा सरकार, ने प्रथम व रिया चौधरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । 800 सौ मीटर में भूमि चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में दौड़ वालीबाल कबड्डी लंबी कूद में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वालीबाल में ढकिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तो बही सुल्तानपुर मुंडा द्वितीय स्थान व बालक वर्ग में कबड्डी में गक्खरपुर ने प्रथम स्थान व धींगरपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया खेलकूद प्रतियोगिता क्षेत्रीय युवा कल्याण अभिनव कुमार के निर्देशन में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता अखिलेश कुमार सक्सेना ने की। प्रतियोगिता व्यवस्था में कुंवर पाल सिंह, संजीव कुमार सिंह, राकेश कुमार, शैलेंद्र चौहान, रविंद्र कुमार, आदि का सहयोग रहा।

# करबला कमेटी ने मोहर्रम की तैयारी पूरी की



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- मोहर्रम की 9 तारिख करबला बाकरगंज बरेली में ईदगाह करबला कमेटी के अध्यक्ष खलील अहमद की जानिब से बाद नमाज़ फजर कुरान खानी दोपहर इमाम हुसैन की याद में लंगर का एतेमाम किया गया मेले की तैयारी पूरी तरह से कर ली गई है आज शासन प्रशासन की देख रेख में व्यवस्था मुकम्मल हो गई है

कमेटी के महासचिव डॉक्टर सरताज हुसैन बताया 10 मोहर्रम आशुरा के दिन बड़ी तादात मे तख्त ताज़िए अलम के लिए सारे इंतेजाम करवा दिए है करबला मे तकरीबन 350 जुलूस आते है हर जुलूस मे 50 से 100 आदमी होते है कमेटी के सचिव सैयद हबीब हुसैन ने कहां बिजली विभाग केकर्मचारियो की कमी से लाइट की व्यवस्था ठीक नहीं रहती है बिजली विभाग की टीम मौके पर मोजूद रहनी चाहिए कमेटी के उपाध्यक्ष मेहताब अली ने कहां नगर निगम द्वारा पानी वा रोड की व्यवस्था पर जोर देकर कहां नगर निगम अपनी व्यवस्था दुरुस्त करने की मेहरबानी करे ।

ईदगाह करबला कमेटी के सभी पद अधिकारी खलील अहमद, सैयद हबीब हुसैन, डॉक्टर सरताज हुसैन , हसनैन राजा,खुर्शीद खान, मेहताब अली , राशिद कुरेशी,शकील अहमद,इरफान हुसैन, इश्तियाक अहमद, आदि मोजूद रहेंगे

# भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक कैंप कार्यालय लाल बाग में संपन्न हुई बैठक



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- आज भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक कैंप कार्यालय लाल बाग में संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा नेता फुरकान हुसैन ने बताया कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा 13 तारीख से 15 तारीख तक 75 अमृत महोत्सव बनाएगा मोर्चा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में हर घर पर तिरंगा फहराया और सभी मुस्लिम क्षेत्रों में तिरंगा अभियान चलाएगा सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई है बैठक में उपस्थित फुरकान हुसैन शाहीन अंसारी शमशाद नवाज मोहम्मद फिरोज मोहम्मद अयूब इरशाद हुसैन हाजी राहत अल्वी नसीम अहमद कामिल अंसारी आदि लोग मौजूद रहे

# अपना दल एस को मिला राज्य स्तरीय दर्जा,श्रावस्ती में कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-राष्ट्रीय/प्रदेश कार्यकारिणी से प्राप्त दिशा निर्देशन के क्रम में जिलाध्यक्ष श्रावस्ती महेंद्र पटेल卐एड0 के कुशल नेतृत्व में जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कार्यालय भिनगा( जॉन डियर ट्रैक्टर एजेंसी के समीप )पर किया गया। जहाँ कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दल की सूची में स्थान प्राप्त करने पर अपना दल के संस्थापक यशःकाई डॉ सोने लाल पटेल जी एवं उनके साथ संघर्षरत रहे साथियों/ पदाधिकारियों को सादर नमन किया गया, तत्पश्चात केन्द्रीय राज्य मन्त्री/ राष्ट्रीय अध्यक्षा, अपना दल एसश्रीमती अनुप्रिया पटेल एवं उनके साथ राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष/ कैबिनेट मन्त्री उ0प्र0 आशीष सिंह पटेल जी एवं अन्य राष्ट्रीय/प्रदेश/ जनपद/विधानसभा कार्यकर्ताओं/ पदाधिकारियों के योगदान पर प्रकाश डाला गया।साथ में सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर हार्दिक शुभकामनायें दीं। आगामी प्रस्तावित संसदीय चुनाव सम्बन्धी चर्चा कर अधिक से अधिक सदस्य संख्या बढ़ाने पर बल दिया गया जिसका उपस्थित सदस्यों ने समर्थन किया।अगस्त माह में 16/08/2022 से देवीपाटन मंडल में सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित कर सदस्य संख्या बढ़ाने के विषय पर महत्वपूर्ण चर्चा की गयी।कार्यक्रम का संचालन बंटी शर्मा जिला महासचिव ने किया।उक्त कार्यक्रम में हरीश वर्मा, दिनेश पाठक( जिला उपाध्यक्ष गण )श्रवण कुमार वर्मा अध्यक्ष विधानसभा 290श्रावस्ती, राम सुहावन वर्मा, अवधेश वर्मा विधानसभा उपाध्यक्ष गण290, प्रदीप निषाद, अंकित मिश्रा, बृजेश सहित अन्य साथी/सहयोगी उपस्थित रहे।

# रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अठावले के प्रदेश सचिव नदीम इकबाल ने एक लाख गुलाबो से किया स्वागत



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अठावले के प्रदेश सचिव नदीम इकबाल ने आज सेटेलाइट बस अड्डे पर सावन के आखिरी सोमवार सर कावड़ियों भाइयों उसके स्वागत के लिए एक लाख गुलाब वितरित कर उन पर पुष्प वर्षा भी की और उन्होंने पंछियों को भी आजाद किया नदीम इकबाल ने बताया कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है जिसमें आज मोहर्रम की 9 तारीख और सावन का आखिरी सोमवार एक साथ है जिसमें मैं कावड़ियों भाइयों के लिए और एक देशभक्त होने के लिए मैंने 1 हजार तिरंगा को सबको सम्मान पूर्वक दिए यह देश के लिए यह मेरी मोहब्बत का एक छोटा सा नजराना है जो मैं अपने हिंदू मुस्लिम भाइयों के लिए एक इंसानियत का कैंप लगाया जिसमें मैंने कबूतरों को भी आजाद किया क्योंकि कबूतर एक शांति का प्रतीक होते हैं और मैं यह बताना चाहता हूं हिंदू मुस्लिम सब एक ही है यह हमारा एकमात्र ऐसा देश है जिसमें गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिलती है और यह जो महीना मोहर्रम का चल रहा है इसमें भी जो इम्तिहान है इमाम हुसैन का वह एक सब्र का पैगाम देता है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वतन्त्रता दिवस मनाये जाने के संबंध में रुपरेखा निर्धारण हेतु बैठक सम्पन्न

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में जनपद में स्वतन्त्रता दिवस मनाये जाने के संबंध में रुपरेखा निर्धारण हेतु बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने बताया कि देश की आजादी के 75वें वर्ष के अवसर पर दिनांक 11 से 17 अगस्त 2022 तक स्वतन्त्रता सप्ताह एवं दिनांक 13 से 15 अगस्त 2022 तक 卐हर घर तिरंगा कार्यक्रम卐 का आयोजन किया जा रहा है, यह राष्ट्र के लिए गौरव की बात है। आज हमारा देश निरन्तर मजबूत हो रहा है और यह देश के लिए गौरव क्षण है और हम सभी को इसे अच्छे से मनाना है। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को समस्त कार्यालय एवं वाणिज्यिक संस्थान खुले रहेंगे, जिन्होंने देश की आजादी के खातिर हमें प्राणों का न्यौछावर कर दिया यह उनके सम्मान का समय है। हमारा देश निरन्तर आज प्रगति की ओर अग्रसर है, आज पर्याप्त मात्रा में देश में खाद्यान्न का भण्डार है। एक समय ऐसा भी था कि अमरीकी लाल गेंहू लेने के लिए लोगों को लम्बी कतारों में लगना पडता था। उन्होंने बताया कि हमें देश के प्रति अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का ठीक प्रकार से निवर्हन कर राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से कार्य करें। उन्होंने बताया कि सरकारी कार्यालयों एवं वाणिज्यिक संस्थाओं को तिरंगी लाईटो से सजायें तथा साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस अवसर पर देश के तिरंगे एवं शहीदों की गरिमा में कोई कमी न रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागरुक करते हुए स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान व भाव उजागर करना है। अपने घर पर 11 से 17 अगस्त तक तिरंगा झण्डा फहराने के संबंध में जागरुकता भी फैलाये कि देश की आजादी 75 वर्ष पूर्ण होने पर अपने घर पर झण्डा फहराया जाना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि हमें यह अवसर मिला है कि राष्ट्र के प्रति हम अपने घर पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रप्रेम जगाये और तिरंगा इस बात का प्रतीक है कि लोकतांत्रिक देश के नागरिक है और उस अवसर को मनाने के लिए हर घर में एक तिरंगा अवश्य फहराया जाये और इसे फेस्टिवल का रुप दिया जाये। तिरंगे के सम्मान में कोई भी कमी नही रहनी चाहिए राष्ट्रीय ध्वज को सम्मानपूर्वक ही लगाना है और सम्मान से ही उतारकर रखना है। उन्होंने कहा कि फटा हुआ तिरंगा को न फहराये तथा कूडे में फटा या खराब झण्डा न फेके, झण्डे को सम्मान के साथ लगायें और उसका आदर करें। जिलाधिकारी ने बताया कि 11 अगस्त से 17 अगस्त के बाद भी झण्डा फहराया जा सकता है। झण्डे को बनाने में खादी के अलावा और भी कपड़े का उपयोग किया जा सकता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर आलोक कुमार वर्मा, नगर मजिस्टेऊट एम0पी0 सिंह, एसपी टैऊफिक अशोक कुमार, परियोजना निदेशक सतीश कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी, डीएसटीओ, बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीएसओ, डीपीआरओ, जिला उद्यान अधिकारी सहित सरदार गुरविन्द सिंह, कशिश वारसी, धवल दीक्षित, अतुल जौहरी एवं गणमान्य नागरिक तथा अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन नगर मजिस्टेऊट एम0पी0 सिंह ने किया।

# देश के तिरंगे एवं शहीदों की गरिमा में कोई कमी न आये-डीएम




दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में जनपद में स्वतन्त्रता दिवस मनाये जाने के संबंध में रुपरेखा निर्धारण हेतु बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने बताया कि देश की आजादी के 75वें वर्ष के अवसर पर दिनांक 11 से 17 अगस्त 2022 तक स्वतन्त्रता सप्ताह एवं दिनांक 13 से 15 अगस्त 2022 तक 卐हर घर तिरंगा कार्यक्रम卐 का आयोजन किया जा रहा है, यह राष्ट्र के लिए गौरव की बात है। आज हमारा देश निरन्तर मजबूत हो रहा है और यह देश के लिए गौरव क्षण है और हम सभी को इसे अच्छे से मनाना है। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को समस्त कार्यालय एवं वाणिज्यिक संस्थान खुले रहेंगे, जिन्होंने देश की आजादी के खातिर हमें प्राणों का न्यौछावर कर दिया यह उनके सम्मान का समय है। हमारा देश निरन्तर आज प्रगति की ओर अग्रसर है, आज पर्याप्त मात्रा में देश में खाद्यान्न का भण्डार है। एक समय ऐसा भी था कि अमरीकी लाल गेंहू लेने के लिए लोगों को लम्बी कतारों में लगना पडता था। उन्होंने बताया कि हमें देश के प्रति अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का ठीक प्रकार से निवर्हन कर राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से कार्य करें। उन्होंने बताया कि सरकारी कार्यालयों एवं वाणिज्यिक संस्थाओं को तिरंगी लाईटो से सजायें तथा साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस अवसर पर देश के तिरंगे एवं शहीदों की गरिमा में कोई कमी न रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जागरुक करते हुए स्वतन्त्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान व भाव उजागर करना है। अपने घर पर 11 से 17 अगस्त तक तिरंगा झण्डा फहराने के संबंध में जागरुकता भी फैलाये कि देश की आजादी 75 वर्ष पूर्ण होने पर अपने घर पर झण्डा फहराया जाना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि हमें यह अवसर मिला है कि राष्ट्र के प्रति हम अपने घर पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रप्रेम जगाये और तिरंगा इस बात का प्रतीक है कि लोकतांत्रिक देश के नागरिक है और उस अवसर को मनाने के लिए हर घर में एक तिरंगा अवश्य फहराया जाये और इसे फेस्टिवल का रुप दिया जाये। तिरंगे के सम्मान में कोई भी कमी नही रहनी चाहिए राष्ट्रीय ध्वज को सम्मानपूर्वक ही लगाना है और सम्मान से ही उतारकर रखना है। उन्होंने कहा कि फटा हुआ तिरंगा को न फहराये तथा कूडे में फटा या खराब झण्डा न फेके, झण्डे को सम्मान के साथ लगायें और उसका आदर करें। जिलाधिकारी ने बताया कि 11 अगस्त से 17 अगस्त के बाद भी झण्डा फहराया जा सकता है। झण्डे को बनाने में खादी के अलावा और भी कपड़े का उपयोग किया जा सकता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर आलोक कुमार वर्मा, नगर मजिस्टेऊट एम0पी0 सिंह, एसपी टैऊफिक अशोक कुमार, परियोजना निदेशक सतीश कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी, डीएसटीओ, बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीएसओ, डीपीआरओ, जिला उद्यान अधिकारी सहित सरदार गुरविन्द सिंह, कशिश वारसी, धवल दीक्षित, अतुल जौहरी एवं गणमान्य नागरिक तथा अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन नगर मजिस्टेऊट एम0पी0 सिंह ने किया।

# मैनाठेर में बीच-बचाव करने गए बुजुर्ग की पीटकर हत्या

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- मैनाठेर थाना क्षेत्र में रविवार शाम दो पक्षों के झगड़े में बीच-बचाव करने गए बुजुर्ग किसान की पीटकर हत्या कर दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने एक युवक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मैनाठेर के गुरेर गांव निवासी पूरन सिंह ( 65 ) किसान थे। उनके तीन बेटे राकेश, राजेश और राजू हैं। बड़े बेटे राकेश के मुताबिक रविवार देर शाम गांव का कल्लू एक अन्य व्यक्ति से झगड़ा कर रहा था। पिता पूरन सिंह ने बीच-बचाव करने की कोशिश की इस पर कल्लू ने पिता को जमकर पीटा। यही नहीं उठाकर पटक भी दिया। इससे पिता के सिर में गंभीर चोट आई। तुरंत उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर मैनाठेर ने बताया कि मामला दर्ज कर कल्लू की तलाश की जा रही है।

दैनिक अख़बार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

संपादकीय Editorial

# True target science

India is a well-known country in the world in the field of science. From ancient times to modern times, India has surprised the world with one or the other scientific merit. There is no doubt that the role of science is more than any other discipline. The countries which have paid more attention to science, they are developed today and the countries which have not given much importance to science are not only backward, but their dependence on other countries is their compulsion. As soon as the country became independent, the five year plan giving priority to scientific research was carried forward. The Planning Commission in India was set up in 1950 with the objective of planning and considering actions to be taken in key areas such as agriculture, science, infrastructure and education. The foundation of science in the country started to strengthen from the first plan itself. In the decade after independence itself, eleven research institutes were recognized at the national level in the country. Green revolution was possible only on the basis of science. There was a lack of research regarding crop yield potential, irrigation system, effective fertilizers, pesticides, power sources, agricultural equipment to feed the country with enough food. The government gave priority to scientific research to advance agriculture, so India started producing food grains that it needed. Without science, we might not have been self-sufficient in food grains. From fields to space, India's efforts were gradually visible to the world. The Indian Space Research Organization (ISRO) was established in 1969 as the national space agency of India. The first Indian satellite was Aryabhata, which was designed and built in India and was launched on 19 April 1975. It was such a big success that the country's head was raised with pride. India had also joined the special countries of the world in the nuclear field. This was a period when most of the countries of the world were not fans of India's progress, but who could stop the scientists who were being born on Indian soil, from new inventions and campaigns? In the field of defense even if we Sitting restless today, Indian science has a big role to play in this too. India has been continuously improving its missile system. The development of Agni missiles is the pride of India. India's development in the field of DNA and fingerprinting is ideal today. After India successfully tested five nuclear bombs underground in Rajasthan's Pokhran on May 11, 1998, the world was not only angry but also surprised for some time. The moment was incomparable when India's first Moon mission was launched on 22 October 2008 from Sriharikota in Andhra Pradesh. Keep in mind, under the Gaganyaan program, two unmanned missions and one manned mission have been approved by the government. The world has the highest expectations from the Indian science sector in terms of medicine and vaccines. The way we have launched the vaccination campaign in the 75th year of independence, hardly anyone can forget it. If we are to become a superpower, then science should be one of our main goals in the coming years.


## Taapsee Pannu wants Boycott to be her film too, said- Akshay Kumar and Aamir Khan all

Taapsee Pannu and Anurag Kashyap have given a funny reaction on the Boycott trend on social media. In an interview, he said that he also wants to be trend on social networking site. Taapsee and Anurag want their boycott too. Let us tell you that the film Lal Singh Chaddha, Rakshabandhan films are being boycotted on Twitter. Along with this, the names of lead actors Aamir Khan and Akshay Kumar are also trending. Taapsee's film 'Dobaara' is scheduled to release on August 19. In this she has worked with Anurag Kashyap. Taapsee said, Boycott the film - Akshay Kumar and Aamir Khan's film is being boycotted on social media. Now Siddharth Kanan asked Taapsee Pannu and Anurag Kashyap that Aamir Khan and Akshay Kumar's films are being boycotted. Aren't they scared? On this Anurag Kashyap said, I want #BoycottKashyap to trend on Twitter. On this Taapsee also said, please everyone boycott our film Dobara. If Aamir Khan and Akshay Kur can be boycott then I also want to join this league. There is a ruckus on social media- Films Laal Singh Chaddha and Rakshabandhan are releasing on 11th August. Even before the release, the boycott of both the actors and the film is going on on social media. People are making the old statements of Aamir Khan viral. At the same time, Rakshabandhan is being trolled as a copy of Pakistani story. Also Kanika Dhillon, who is the writer of the film, her old tweets are also viral. She has been writing on Hijab Ban etc.



## Even after Boycott, the booking of Laal Singh Chaddha is happening, the viewer showed the 'game'

Aamir Khan starrer Laal Singh Chaddha is scheduled to release on August 11. Earlier there are discussions about its advance booking. There were reports that the film Lal Singh Chaddha has overtaken the film Raksha Bandhan in advance booking. According to reports from some sites, 74 lakh tickets were sold on the first day of LSC. At the same time, 67 lakh tickets for Raksha Bandhan were sold. Although some tweets are viral on social media, according to which fake booking of the film Lal Singh Chaddha is being done. At the same time, KRK also made a similar claim. Question raised on booking pattern - KRK had tweeted that PVR is the partner of Lal Singh Chaddha, so it is the duty of the multiplex chain to show fake bookings so that the business of the first day can be tremendous. On the other hand, a social media user named Vijay Patel has questioned the booking pattern of Lal Singh Chaddha's seats. He wrote if you can see the pattern. This is corporate booking to make the film look fake housefull. He has shared screenshots in which seats are booked in the same pattern in every show. Such tweets that went viral in the past too - Actually showing seats as fake full is now called a box office marketing tool. This has a psychological effect on people that more people are watching this film. The second is more business marketing. Even during the release of Heropanti, such tweets went viral on social media. On the tweet of a trade analyst on advance booking of Heropanti, a user shared the video and called it fake. According to Lal Singh Chaddha's booking - web portal Sacnilk, on the first day Lal Singh Chaddha's 14.39 lakhs in Mumbai, 17.5 lakhs in Delhi NCR, Pune Tickets have been sold in Rs.4.05 lakhs in India, Rs.5.14 lakhs in Bangalore and 5.92 lakhs in Chennai.



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## एटा के आठ दंगाइयों को 7 साल की सजा, दुकान में की थी आगजनी और लूटपाट

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-गंजडुंवारा में करीब 24 साल पहले पूर्व चेयरमैन अब्दुल रशीद की हत्या के बाद दंगे हुए थे। इसमें एक दुकान में आगजनी व लूटपाट करने वाले आठ लोगों को त्वरित न्यायालय द्वितीय के न्यायाधीश कैलाश कुमार ने दोषी ठहराया है। आठों को सात-सात साल सश्रम कैद की सजा सुनाई है। गंजडुंवारा में 20 अगस्त को पूर्व चेयरमैन अब्दुल रशीद की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद दंगे भड़क उठे थे। इसी बीच मुशर्रफ खां निवासी मोहल्ला मंसूर के घर में दंगाई घुस आए। लूटपाट की और बाद में घर में आग लगादी। उसके अलावा चाचा अवैदुर्रहमान खां और बहनोई आविद खां के घरों तथा गोदामों में भी आग लगा दी गई। सुनवाई के दौरान इनमें से तीन आरोपियों की मृत्यु हो गई। जबकि शाहिद, अहमद, खालिद, शकील, यूसुफ, कल्लू, असलम व सुल्तान को शनिवार को सजा सुनाई।

## जिले को क्षयरोग मुक्त बनाने का अभियान होगा तेज

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जिले में 'टीबी टयूज-डे जागरूकता अभियान से लोगों को बीमारी के प्रति जागरूक किया जिले में 'टीबी टयूज-डे जागरूकता अभियान से लोगों को बीमारी के प्रति जागरूक किया जाएगा। प्रत्येक मंगलवार को ब्लॉक स्तर पर स्कूल, कॉलेजों में क्षयरोग के प्रति छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं और जनजानस को जागरूक किया जाएगा। अभियान के तहत अभी तक जिले में 13 संदिग्ध क्षयरोगी चिन्हित किए गए हैं। जिला क्षयरोग अधिकारी डा. राजेश शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद एटा को वर्ष 2025 तक क्षयरोग मुक्त किया जाना है। उसक लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक मंगलवार को आठ ब्लॉकों में क्षय रोग जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसको 'टीबी ट्यूज-डे का नाम दिया गया है। अभियान के तहत विद्यालयों में जाकर छात्र-छात्राओं को क्षयरोग के बारे में जानकारी दी जाए। कार्यक्रम गतिविधियों का मूल्यांकन एवं पर्यवेक्षण का कार्य जनपद स्तरीय कॉर्डिनेटर दिलीप शर्मा डीपीसी,



अरविन्द सिंह चौहान डीपीटीसी, आशीष पाराशरी डीपीपीएमसी और वह स्वयं फील्ड में जाकर करेंगे।

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

## एबीपी के छात्रों ने ए आर टी ओ को पेट की पुस्तक औ



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में एबीपी के छात्र आए और उन्होंने एबीपी का 70 साल का इतिहास लिखी हुई पुस्तक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में आकर आदर्श के साथ पुस्तक भेंट की एबीपी का पूरा इतिहास इन किताबों में लिखा हुआ है यह किताब अपने आप में एक महत्व रखती है जिसके अंतर्गत एबीपी के छात्र इसका अध्ययन भी करते हैं और निशुल्क अधिकारियों को भेट करते हैं फिर एबीपी के छात्रों के साथ उनके अध्यक्ष पीएस चौहान हर्ष पुंडीर विश्वस्त चौहान आयुष यश सोलंकी अमित छात्र बाहर खड़े रहे पी एस चौहान ने बताया यह पुस्तक जय यात्रा के नाम से प्रकाशित की गई है और इसमें बहुत कुछ समाज के ब छात्रों के लिए लिखा गया है यह आप इसका मंचन करेंगे तो आपको अलग ही लगेगा कि के यह किताब वास्तव में सर्वश्रेष्ठ है वही एआरटीओ सत्येंद्र कुमार ने बच्चों का परिचय लिया और उनके विषय में जानकारी भी की तथा सत्येंद्र कुमार जी ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की और कहां क्या आप लोग आगे बढ़े और अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाते हैं क्योंकि शिक्षा सर्वोपरि है इसके बिना सब अधूरा है

## सड़क पर मिला युवक का शव, दुर्घटना होने की आशंका

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जसरथपुर थाना क्षेत्र में शनिवार की देर शाम एक युवक का शव सड़क पर पुलिस को पड़ा मिला। उसके पास से मिले मोबाइल से उसकी शिनाख्त की गई। युवक मैनपुरी जनपद के बिछवां थाना क्षेत्र का निवासी है। वह बाइक से कासगंज के गंजडुंवारा थाना क्षेत्र के गांव अंडुआ में अपनी बेटी के यहां गया था। वहां से लौटकर वह गांव जा रहा था। रविवार को पोस्टमार्टम हाउस पर गांव इमादपुर के लोगों ने बताया शनिवार की सुबह 45 वर्षीय राजेंद्र कुमार बाइक से गंजडुंवारा थाना क्षेत्र के गांव अंडुआ में अपनी बेटी पूजा के घर गया था। दोपहर बाद बेटी के यहां से अपने घर जाने के लिए निकले। इस दौरान उनका शव जसरथपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सड़क पर पड़ा मिला। जसरथपुर थानाध्यक्ष श्रवण कुमार निगम ने बताया युवक का शव सड़क पर पड़ा मिला है। जानकारी करने पर पता चला उसकी बाइक कुछ दूरी पर स्थित एक दुकान पर खड़ी मिली। पूछताछ के दौरान दुकानदार ने बताया कि वह परेशान थे। उन्होंने कुछ समय के लिए बाइक खड़ी करने की बात कही थी, इस पर बाइक खड़ी करने को बोल दिया। वह शर्ट कंधे पर डालकर आगे निकल गए। सीसीटीवी फुटेज में भी वह अकेले ही दिखाई पड़ रहे हैं। मौत का कारण जानने के लिए परिजन के कहने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## सिटी मजिस्ट्रेट एसएस ठाकुर ने भी पुष्प बर्षा कर कांवडियों को फल बाटे



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा में पुलिस का दिखा मानवता भरा चेहरा, कोतवाली सिटी के इंस्पेक्टर रामेन्द्र शुक्ला और पुलिस टीम ने कावड़ियों पर पुष्प बर्षा कर किये फल वितरित,सिटी मजिस्ट्रेट एसएस ठाकुर ने भी पुष्प बर्षा कर कांवडियों को फल बाटे,शहर से गुजर रही कावड यात्रा पर सिटी मजिस्ट्रेट एसएस ठाकुर एवं कोतवाली नगर प्रभारी रामेंद्र शुक्ला ने स्वागत कर की पुष्प वर्षा,शहर के शिकोहाबाद रोड पर कोतवाली नगर प्रभारी रामेन्द्र शुक्ला और पुलिस टीम द्वारा हो रही पुष्प बर्षा को देख कांवड़िये हुए बेहद प्रसन्न,प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद एटा जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल और एटा एसएसपी उदयशंकर सिंह की पुलिस,प्रशाशन द्वारा कांवड़ियों को दिया जा रहा है सम्मान,मोटरसाइकिल एवं मैक्स पिकअप में सवार कावड़ियों को कोतवाली नगर प्रभारी रामेंद्र शुक्ला ने फल किए वितरण,सिटी मजिस्ट्रेट एसएस ठाकुर और कोतवाली नगर प्रभारी रामेंद्र शुक्ला ने कावड़ियों से धीमी बाइक चलाने की-की अपील,सावन के चौथे सोमवार को लेकर जनपद भर में पुलिस प्रशासन दिख रहा है अलर्ट मोड़ पर।

## कांग्रेस का सिंबल वाला झंडा और माला पहनाकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सांसद सत्या बहन के गांधी मार्केट कैंप कार्यालय पर शहर कांग्रेस कमेटी के संगठन उपाध्यक्ष भोला गुप्ता के प्रयास से अनुज वार्ष्णेय ने अपने दो दर्जन साथियों के साथ कांग्रेस की पूर्व राज्यसभा सांसद सत्या बहन शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरुणेश गुप्ता
पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ठाकुर अमित सोलंकी श्रीमती पूजा अमरोही जिला प्रशासन उपाध्य मोहम्मद इरफान एडवोके की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए एटा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि संगठन के उपाध्याय भोला गुप्ता ने सभी को कांग्रेसका सिंबल वाला झंडा और माला पहनाकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई कांग्रेस में शामिल होने वालों के नाम अनुराग दीक्षित शिवम कश्यप विक्रम चौहान शिवम वाल्मीकि अरविंद कुमार राजेश चौहान शिवकुमार विशाल कश्यप आफताब मोहम्मद के शशांक जैन मोना बाल्मीकि जगीरा रिंकू ठाकुर सचिन गुप्ता कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष चंद्रकांत गांधी ठाकुर ज्योति सोलंकी आदि लोग उपस्थित थे

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय ओड़गी में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में किया गया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-ओड़गी-स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल ओड़गी में आज दिनांक 08 अगस्त 2022 को दिन -सोमवार को विश्वआदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में एक दिन पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य महोदय एवं शिक्षकों के द्वारा आदिवासी के विविध पहलूओं उनके सांस्कृतिक विविधता,रहन-सहन आदि की जानकारी दिया गया । इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम,खेलकूद,ड्राइंग व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ । बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी अपनी प्रस्तुति दिया। कुडुख नृत्य की प्रस्तुति ष शिक्षिका सुनीता बड़ा व उनकी टीम,कक्षा 11 की छात्राओं के द्वारा करमा नृत्य,कक्षा 10 वीं की छात्रा आर्या पाण्डेय व उनकी टीम के द्वारा छतीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत किया गया । माध्यमिक स्तर की छात्राओं के द्वारा से आदिवासी नृत्य,कक्षा 4 थी से ऋतु राजवाड़े के द्वारा हमर सुघर छतीसगढ़ बोल के गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया जिस पर सभी शिक्षिकाएं खुद को झुमने से नही रोक पाए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंत में प्राथमिक स्तर के बच्चे रैंप वाल्क किए,अलग-अलग मुद्रा वाल्क के दौरान देखकर सभी खुषी से झुम उठे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात मेंहदीं प्रतियोंगिता व राखी मेंकिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया बच्चें अपने सोच,कल्पना के अनुरूप राखी को आकार प्रदान किये। कक्षा 1 के छात्र अंषुमन राजवाड़े के द्वारा ट्राइबल गेट-अप पहनकर आदिवासी वेशभूषा में मनमोहक प्रस्तुति दिया गया। कार्यक्रम मे प्रतिभागियों की प्रस्तुति का देखकर अन्य बच्चें भी प्रस्तुति के लिए आगे आए। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य, हेड मास्टर (मिडिल),हेड मिस्ट्रेस (प्राथमिक),क्षकगण उपस्थित थे। बच्चों में आयोजन से उत्साह के साथ-साथ सांस्कृतिक आयोजन से बच्चों में विविध जानकारियों का व नेतृत्व क्षमता का विकास हो रहा है। विधार्थियों के संपूर्ण विकास पर, स्कूल के गतिविधियां केन्द्रित व संचालित की जा रही है, स्कूल में नियमित खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य श्री राठिया जी के द्वारा बच्चों को संबोधित किया गया। स्कूल में नियमित रूप से स्कूल के विजन के अनुरूप पष्चात,उक्त दिवस की विषे जानकारी प्रतिदिन छात्रों व स्कूल केशिक्षकोंकेद्वारा,समाचार,सूक्तियों व राष्ट्र के प्रति प्रतीज्ञा के साथ स्कूल दिवस का शुरूआत व तत्पष्चात् नियमित कालखण्ड का संचालन होता है। स्कूल में प्रत्येक विषे दिवस में बच्चों को विषे गतिविधियों कों व उक्त दिवस के बारें में बताया जाता है।

# उमा विंध्यवासिनी संस्कार महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया गाजर घांस का उन्मूलन



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-उमा विंध्यवासिनी संस्कार महाविद्यालय लेटोरी में शनिवार को गाजर घास उन्मूलन कार्यक्रम एनएसएस के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इस सस्था के सस्थापक श्रीमती दिप्ती श्रीवास्तव,प्राचार्य श्रीमती शिल्पी श्रीवास्तव एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री भागीरथी पातर के मार्गदर्शन में समस्त स्टाफ और एनएसएस के सभी विद्यार्थी के द्वारा ,गाजर घास उन्मूलन का कार्यक्रम महाविद्यालय परिसर में किया गया । गाजर घास उन्मूलन पर व्याख्यान भी किया गया ; मुख्य अतिथि श्रीवास्तव मैडम ,प्राचार्य महोदया ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया व मुख्य अतिथि ने गाजर घास से होने वाली बीमारी के बारे में जानकारी दी। वहीं प्राचार्य महोदया ने गाजर घास के बारे में एनएसएस के बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने गाजर घास से मुक्त हो हमारा छतीसगढ़ यह नारा एनएसएस के बच्चों को दिया एव इस कार्यक्रम में उपस्थित श्रवन सिंह ,समीर विश्वास, बिंदु सूर्यवंशी, स्वाति अनी तिर्की , देविका,आयुष सिन्हा,अनुज यादव, संजय कुमार ने गाजर घास के बारे में एनएसएस के बच्चों को जानकारी दी और एनएसएस के बच्चों में गाजर घास उन्मूलन के मैं जागरूकता दिखाई दी

# मेहंदी प्रतियोगिता, गेम, सांस्कृतिक कार्यक्रम मैं नारी शक्ति ने किया प्रतिभाग

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- आजादी का अमृत महोत्सव/ मिशन शक्ति के तहत सावन का हरियाली तीज कार्यक्रम का श्रीमती निवेदिता चौबे पत्नी श्री अतुल कुमार चौबे क्षेत्राधिकारी नगर अध्यक्षता में पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में आयोजन किया गया। इस दौरान मेहंदी प्रतियोगिता, गेम, सांस्कृतिक कार्यक्रम में काफी संख्या नारी शक्तियों ने किया प्रतिभाग। श्रीमती निवेदिता चौबे पत्नी अतुल कुमार चौबे क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात मनमोहक भजन की प्रस्तुति की गई। पुलिस परिवार की महिला शक्तियों द्वारा भजन कीर्तन किया गया साथ ही साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महिला शक्तियों ने एक दूसरे के हाथों में मेहंदी लगाई गई साथ ही साथ म्यूजिकल चेयर, पासिंग थ्रो गेम गेम का आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में महिला आरक्षी संज्ञा भारती, म्यूजिकल चेयर में महिला आरक्षी मंजूश्री मिश्रा व महिला आरक्षी दिव्या भारती तथा पासिंग थ्रो में संगीता यादव विजयी रही। जिन्हें कार्यक्रम की अध्यक्षता ही श्रीमती निवेदिता चौबे द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मंजू पांडेय, महिला आरक्षी संगीता यादव, महिला आरक्षी संज्ञा भारती, महिला आरक्षी सीमा, महिला आरक्षी नीलू, महिला आरक्षी बिंदू यादव, महिला, आरक्षी शालू सिंह, महिला आरक्षी मंजूश्री मिश्रा, महिला आरक्षी दिव्या भारती सहित काफी संख्या में पुलिस परिवार की नारी शक्ति मौजूद रही।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# पर्यावरण संरक्षण एवं प्रबंधन पर विश्व का भविष्य : न्यायाधीश

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- पर्यावरण पर राष्ट्रीय न्यायालय राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) प्रधान पीठ नई दिल्ली के न्यायाधीश डॉ0 अफरोज अहमद द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिला पर्यावरण योजना (इन्वायरमेंट प्लान) की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में न्यायधीश ने सॉलिड वेस्ट, प्लास्टिक वेस्ट, सी एण्ड डी वेस्ट, बायो मेडिकल वेस्ट, हजार्ड्स वेस्ट, ई-वेस्ट, वायु गुणावत्ता, जल गुणवत्ता, घरेलू उत्प्रवाह, औद्योगिक उत्प्रवाह एवं ध्वनि प्रदूषण इत्यादि की गहन समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ के क्षेत्रीय अधिकारी यूसी शुक्ला द्वारा अबतक की गई कार्यवाही तथा आगामी जिला पर्यावरणीय योजनाओं से अवगत कराया गया। जिसपर न्यायाधीश ने निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में वेटलैंड क्षेत्रों को चिन्हित कर तालाबों के माध्यम से वर्षा जल का संचयन किया जाए। जिससे भू-गर्भीय जलस्तर के वृद्धि में सुधार किया जा सके। खाली पड़े प्लाट, पार्क एवं सड़क किनारे की जमीनों पर सघन अभियान चलाकर वृक्षा रोपण कराया जाए। साथ हीं ध्वनि प्रदूषण, वायु प्रदूषण रोकने के लिए समेत अन्य प्रदूषण को रोकने के लिए कड़े निर्देश दिए। इस दौरान न्यायाधीश ने बहराइच की सीडीओ की तारीफ करते हुए कहा कि उनके द्वारा पराली से कम्पोस्ट खाद बनाने समेत अन्य माध्यमों से उपयोग लेने का कार्य सराहनीय है। जिसे मॉडल के तौर पर लखनऊ में भी लागू किया जाना चाहिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी, नगर आयुक्त नगर निगम, सहायक नगर आयुक्त, सचिव नगर विकास प्राधिकरण, प्रभागीय वनाधिकारी अवध वन प्रभाग, मुख्य पर्यावरण अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी समेत तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।